Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजिटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 10-11-2022 | अंक 396

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## न्यूज ब्रीफ

### सर्पदंश से 6 वर्षीय श्वेता गंभीर, रेफर



चौपारण प्रखंड अंतर्गत मायापुर (पांडेयाबरा) निवासी बिरेंद्र राना की 6 वर्षीय बेटी श्वेता कुमारी को सांप ने डंस लिया। जिससे वह गंभीर हो गई। ग्रामीणों के मदद से उसे बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया गया।

### दो पक्षों में हुई मारपीट में तीन घायल, एक रेफर



बरही थाना अंतर्गत कोनरा पंचायत में आलू खेत में पानी पटाने को लेकर हुई विवाद में दो पक्षों से तीन लोग घायल हो गए। प्रथम पक्ष से सुरेश रविदास उम्र 48 वर्ष पिता गोपी रविदास एवं भोला देवी उम्र 40 वर्ष पति सुरेश रविदास शामिल है। वहीं दूसरे पक्ष से विक्की रविदास उम्र 35 वर्ष पिता लालधारी रविदास शामिल है। सभी घायलों को बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उनका प्राथमिक उपचार कर छुट्टी दिया गया। वही सुरेश रविदास को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया गया।

## सूचना



दिव्य ज्योति हजारीबाग संस्था की बरही प्रखंड अध्यक्ष रुकसाना खातून ने बताया की 12 नवंबर दिन शनिवार को बरही प्रखंड कार्यालय में दिव्यांगो के लिए विशेष बैठक का आयोजन किया जाएगा। जिसमे आप सभी की उपस्थिति अनिवार्य है।

APEM LIVE

# एसटी/ एससी केस में नामजद फरार 20 अभियुक्तों के घर चिपकाया गया इस्तेहार, अब होगी कुर्की जब्ती







**अपेम लाइवः चौपारण**

चौपारण थाना कांड संख्या 90/22 धारा 341/323/325/354 (ख)/376/511/34 भा०द०वी० एवं 3 (1)( X ) SC\ST के शेष बचे प्राथमिक नामजद अभियुक्त 1. सोहन साव पिता स्व डेगन साव 2. कामेश्वर साव पिता स्व मानकी साव 3. संतोष साव पिता बालमुकुंद साव 4. ललन साव पिता महेंद्र साव 5. दीपक साव पिता खिरोधर साव 6. रेवा ठाकुर पिता स्व लीलो ठाकुर सभी रतनाग थाना चौपारण जिला हजारीबाग एवं चौपारण थाना कांड संख्या 97/22 दिनांक 06.04.22 धारा 147/148/149/341/323/354/427/ 506 भा०द०वी० एवं 3 (1)( X) SC\ST एक्ट के शेष बचे प्राथमिक नामजद अभियुक्त 1. द्वारिका साव पिता झर्री साव 2. लक्ष्मण महतो पिता जागो महतो 3. अजीत यादव पिता रामदेव यादव 4. अशोक यादव पिता दिनेश यादव 5. मुकेश साव पिता घमन साव 6. दीपक साव पिता विनोद साव 7. ललन साव पिता महेंद्र साव 8. राजेश यादव पिता लक्ष्मण यादव 9. शिवनंदन शर्मा पिता प्रयाग ठाकुर 10. सहदेव साव पिता गंदोरी साव 11. रामाशीष साव पिता एवं संतोष साव दोनो पिता मुकुंद साव 12. पिंटू साव पिता सुरेश साव 13.





दीपक साव पिता खिरोधर साव 14. रामदेव यादव एवं जागो महतो दोनो पिता खरगू यादव सभी रतनाग थाना चौपारण के विरुद्ध न्यायालय से प्राप्त इस्तेहार को चिपकाया गया है। सभी को कोर्ट के निर्देशानुसार आत्मसमर्पण करने का निर्देश दिया गया। एसडीपीओ नजीर अख्तर ने बताया की सभी नामजद फरार अभियुक्तों को कई बार नोटिस दिया गया है। इसके बाद भी कोर्ट का आदेश का पालन नही हुआ। यदि आत्मसमर्पण नही करते हैं तो कुर्की जब्ती की कार्रवाई की जाएगी।

# भ्रष्टाचार के खिलाफ भाजपा ने निकाली जनआक्रोश रैली






**अपेम लाइव चंदवारा**
**श्रीकांत पांडेय**

राज्य सरकार के खिलाफ गुरुवार को प्रखंड सह अंचल कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ एक दिवसीय धरना दिया गया। धरना प्रदर्शन के पूर्व बजरंगबली चौक से रांची पटना मुख्य मार्ग होते हुए प्रखंड कार्यालय तक आक्रोश रैली निकाली गई। रैली में चंदवारा प्रखंड को सूखा क्षेत्र घोषित करो राज्य सरकार हाय हाय समेत कई नारे लगाए जा रहे थे। रैली प्रखंड मुख्यालय पहुंचकर सभा में तब्दील हो गई। धरना में मुख्य रूप से पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव भा. जपा जिला अध्यक्ष नितेश चंद्रवंशी मौजूद थे। हमें दलित छोड़कर कई लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण किए। मौके पर पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा कि राज्य सरकार सभी मामलों में विफल रही है। लूट खसोट, हत्या, दुष्कर्म, भ्रष्टाचार और कालाबाजारी चरम पर है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने अपने घोषणापत्र में झूठे वादे कर जनता को बरगला कर सत्ता हासिल की थी सरकार बनाने के बाद न तो 5 लाख रोजगार दिया न बेरोजगारी भत्ता दिया और न ही किसानों का 2 लाख तक लोन माफ किया उल्टे भाजपा सरकार में अनुबंध पर दी गई नौकरी छीन ली इस सरकार ने भ्रष्टाचार का रिक०र्ड भी कायम किया है। जिला अध्यक्ष नितेश चंद्रवंशी ने कहा कि सरकार राज्य की खनिज संपदा को लूट रही है ऐसे भ्रष्ट सरकार के खिलाफ आम जन में आक्रोश है ऐसी सरकार को जनता उखाड़ फेक देगी वर्तमान सरकार से आम जनता असुरक्षित महसूस कर रही है आम जनता का कोई काम पैसे के बिना नहीं होता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष द्वारिका प्रसाद राणा व संच. ालन सांसद प्रतिनीधि सह प्रखंड महामंत्री मनोज साव ने किया। मौके पर लक्ष्मण प्रसाद यादव, सांसद प्रतिनीधि चन्द्रभूषण साव, जिला महामंत्री अनूप जोशी कृष्णा कुमार यादव, प्रवीण कुमार उर्फ बंटी मोदी, बिरेन्द्र यादव, राजेश यादव, रमन यादव, पूर्व मुखिया सुनीता गिरि, विनोद राम, आनंद मोदी, रामचंद्र शर्मा, अमानत अली, महेंद्र पंडित, सुरेश यादव, अर्जुन साव समेत कई लोग मैजूद थे।

APEM LIVE

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## नाबालिग लड़की सहित आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार, भेजा जेल

### केसरवानी समाज ने गिरफ्तारी की मांग को लेकर किया था विरोध प्रदर्शन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

पिछले 8 अक्टूबर को करियातपुर से एक नाबालिग लड़की को अगवा कर भगा ले जाने के मामले में दर्ज प्राथमिकी की नामजद अभियुक्त अभिषेक जयसवाल उर्फ अभिषेक कुमार (22) पिता स्व प्रदीप जयसवाल को बरही पुलिस ने ग्राम पुराना बस्ती जिला झासूगुड़ा ओडिसा से गिरफ्तार किया। साथ ही नाबा. लिग लड़की को सही सलामत बरामद कर बरही थाना ले आई। ज्ञात हो की नाबालिग लडकी के परिजनों ने उक्त युवक के खिलाफ बहला फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाया गया था। जिसके आधार पर युवक के खिलाफ बरही थाना कांड संख्या 417/22 धारा 366ए, भादवि 8/12 लैंगिक अपराधो से बालको के संरक्षण अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। ज्ञात हो की इस मामले को लेकर केसरवानी समाज के प्रदेश महामंत्री भगवान केशरी के नेतृत्व में अभियुक्त के गिरफ्तारी को लेकर मार्च कर एसडीपीओ को ज्ञापन सौंपा गया था। जिसपर संज्ञान लेते हुए जल्द से जल्द गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया था। उसके बाद पुलिस हरकत में आई और एक छापामारी टीम का गठन किया गया। जिसमें इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी ललित कुमार, एस आई मनीषा टोप्पो, ओम प्रकाश कुमार एवम रिजर्व गार्ड शामिल थे। पुलिस के द्वारा त्वरित कार्रवाई पर केशरवनी समाज ने एसडीपीओ नजीर अख्तर एवम पुलिस टीम के प्रति आभार जताया है।


अभिषेक जयसवाल (आरोपी)

## धोबिया पहरी नदी घाट से हो रही है अवैध बालू उत्खनन, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि ने की निरीक्षण

### स्थानीय प्रशासन से कार्रवाई का आग्रह, जांच की मांग

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

भंडारों पंचायत की बराकर नदी के धोबिया पहरी घाट से मनमानी तरीके से ट्रैक्टर मालिक व ड्राइवर बालू का उत्खनन कर अवैध तरीके से धुलाई कर रहे हैं। यह मामला तब प्रकाश में आया जब भंडारों पंचायत के पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि इलियास खान गुरुवार को धोबिया पहरी घाट पहुंचकर निरीक्षण किया। वहां पहुंचने के बाद उन्होंने देखा कि लगभग एक दर्जन ट्रैक्टर अवैध तरीके से बालू का उत्खनन कर रहे हैं ।उन्होंने सभी ट्रैक्टर मालिक एवं ड्राइवरों को कहा कि बिना अनुमति के बालू घाट से बालू का उत्खनन एवं ढुलाई करना कानूनी तौर पर गलत है । बिना अनुमति बालू ढुलाई करने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी । लेकिन धोबिया पहरी के बराकर नदी घाट से ट्रैक्टर के द्वारा प्रतिदिन सैकड़ों ट्रैक्टर बालू की की अवैध तरीके से ढुलाई बदस्तूर जारी हैं। पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि इलियास खान ने बरही प्रशासन से आग्रह किया है कि टीम बनाकर बराकर नदी के धोबीया पहरी घाट पर आकर औचक निरीक्षण करें और मौके पर ही कानूनी कार्रवाई करते हुए दंडित करें । यदि ऐसा नहीं किया तो बालू के अवैध उत्खनन एवं धुलाई से बराकर नदी का अस्तित्व धीरे-धीरे मिटता चला जाएगा।


धोबिया पहरी में अवैध उत्खनन करते ट्रैक्टर्स

## धारा 144 लगने के बाद भी निर्माण कार्य करने का आरोप, एसडीओ को आवेदन देकर न्याय की गुहार

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**

बरकट्ठा थाना क्षेत्र अंतर्गत धरहरा निवासी पोखनी देवी पति हीरालाल प्रसाद ने एसडीओ को आवेदन देकर आरोप लगाई है की उनकी जमीन खाता संख्या 140/17 प्लॉट नंबर 495/572 रकबा 3.64 एकड़ मधे 80 डिसमिल पर जगलाल महतो,राजेंद्र महतो एवं सत्यम प्रसाद तथा उनके परिजन जबरन गृह निर्माण करवा रहे हैं। जबकि उक्त जमीन को लेकर अनुमंडल कोर्ट में धारा 144 के तहत वाद संख्या 265/22 भी दर्ज है। इस मामले में आरोपियों को नोटिस भी तमिला कराया गया। जिसमें किसी तरह का निर्माण कार्य नही करने का निर्देश दिया गया। इसके बावजूद कोर्ट के आदेश का उल्लंघन करते हुए उक्त लोगों के द्वारा निर्माण कार्य किया जा रहा है। मना करने पर मारपीट किया जाता है। पोखनी देवी एवं इनके पति हीरालाल प्रसाद ने यह भी आरोप लगाया की इस मामले को लेकर थाना एवं अंचल से भी कई बार गुहार लगा चुके है। इसके बाद भी कोई कार्रवाई नही होती है। पैरवी के बल पर गरीब को न्याय नही मिल रहा है। एसडीओ ने पीड़िता ने न्याय की गुहार लगाई है।



## भाजपा नेता केदार यादव सहित परिवार पर जानलेवा हमला, दबंगो ने किया अधमरा, रेफर

### आरोपी पर है माओवादियो से सांठगांठ का आरोप,





**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**

हाल ही में भाजपा में शामिल हुए दैहर पंचायत के पथलगड्डा निवासी केदार यादव सहित उनके परिजनों पर जानलेवा हमला कर सभी को अधमरा किया गया। केदार यादव सहित सभी को बेहतर ईलाज के लिए हजारीबाग सदर रेफर कर दिया गया। उक्त संदर्भ में केदार यादव की पत्नी मंजू देवी ने चौपारण थाना में लिखित आवेदन देकर चौपारण थाना कांड संख्या 263/18 के फरार माओवादी बिनोद यादव पर सामूहिक बलात्कार व जान से मारने का आरोप लगाते हुए कहा कि मैं बीते रात्रि अपने घर मे सोई थी। मध्य रात्रि बिनोद यादव अपने दर्जनों साथियो के साथ मेरे घर मे घुसकर मुझे घसीट कर दूसरे कमरे में ले गया। इसी बीच राजेश यादव पिता त्रिवेणी यादव ने बंदूक के नोक पर अपने साथियों से मेरे साथ शारीरिक सम्बंध बनाने को कहने लगा। हो हल्ला के बाद जब मेरे पति केदार यादव व अन्य परिजन उठे और बिनोद यादव व उसके साथियों का विरोध करने लगी तो बिनोद यादव व अन्य साथी हम पर जानलेवा हमला कर दिया। बंदूक का भय दिखाकर बिनोद यादव रड से सबक माथा भाड़ कर अधमरा कर दिया। बताया हम सब किसी तरह भागकर अपनी जान बचाये और चौपारण थाना पहुँचे। महिला ने बताया की बिनोद यादव व उसके साथियों ने मेरे गले मे रखे सोने का चौन भी छीनकर साथ ले गया। महिला ने बिनोद यादव के अलावे पथलगड्डा के ही संजय यादव पिता चिन्तामन यादव, वीरु यादव पिता कामेश्वर यादव, कैलाश यादव पिता स्व कामेश्वर यादव, त्रिवेणी यादव पिता स्व कामेश्वर यादव आदि पर लगाया आरोप। महिला ने पुलिस प्रसाशन से मदद का गुहार लगाते हुए कहा कि सभी बदंग प्रिव्रिति के है और मुझे डर है कि कही हम सब पर फिर जानलेवा हमला न हो जाये।

## मुखिया ने 150 जरूरतमंद लोगों के बीच किया कंबल वितरण






**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही प्रखंड अंतर्गत पंचमाधव मुखिया नीलम देवी ने गुरुवार को पंचायत के 150 गरीब वा असहाय लोगों के बीच कंबल वितरण की। इस संबंध में मुखिया नीलम देवी ने बताई की पीड़ित मानवता की सेवा से बड़ा कोई धर्म नही है। उन्होंने कहा की प्रत्येक वर्ष वैसे गरीब असहाय लोगो के बीच कंबल वितरण किया जाता है। जिनके पास इस कपकपाती ठंड में तन ढकने के लिए सही से कपड़े नही रहते है। मुखिया नीलम देवी ने कहा की ऐसा कर हमे काफी संतुष्टि मिलती है। क्योंकि अमीर परिवार तो अपने लिए गर्म कपड़े जुटा लेते है परंतु गरीब लोगो के पास कंबल खरीदने का भी पैसा नहीं होता है। लाभुको में रूपलाल रविदास, लीलो रजक, उर्मिला देवी, सोनिया देवी, पुनिया देवी, बुधनी देवी, मेघनी देवी, प्रतिमा देवी, सकुंती देवी, सबिता देवी, बसमतिया देवी, शांति देवी, जितनी देवी, कविलास देवी, आरती देवी, मोसोमात सीता देवी सहित कई अन्य लोग शामिल है। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र गोप, पंसस सुमिया देवी, उपमुखिया प्रतिनिधि विनोद यादव, समाजसेवी कामेश्वर रविदास, नागेश्वर रजक, उमेश यादव, वार्ड सदस्य घनश्याम सिंह, लतीफ अंसारी, मिनेश शर्मा सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।

JHNH Reg. 2036000613
जीवन हेल्थ नर्सिंग होम
हमारे यहाँ सभी प्रकार का इलाज एवं सामान्य प्रसव (नार्मल डिलेवरी)एवं ऑपरेशन की विशेष सुविधा उपलब्ध है
24/7 Emergency Services

NH-2 लस्करी मोड़, रसोइया धमना, बरही,
नियर- लोक नायक फैमिली रेस्टोरेंट- 825405
7903856586
9931874590

HOTEL आकाश पैलेस
Contact No.: 9122662308 6299699176
AC/Non AC, Rest & Marriage Hall
सागर टेन्ट हाउस

दिनांक: 10-11-2022

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर



## 75 बिरहोर परिवारों के बीच कंबल किया गया वितरण

**अपेम लाइव : संतगांवा**



सतगावां प्रखंड में ठंड ने दस्तक दे दी है।सुबह और शाम में गुलाबी ठंड का अहसास होने लगा है। इसके साथ हीं गर्म कपड़े की जरूरत होने लगी है। गरीबों और असहायों को ठंड से बचने की चिंता सताने लगी है। हालांकि सरकारी स्तर पर उनकी चिंता को दूर करने का कार्यक्रम शुरू हो गया है। वैसे लोगों के बीच सरकारी स्तर पर कंबल का वितरण किया जाने लगा है। इससे लाभुकों में उत्साह है। इस निमित्त गुरुवार को सतगावां प्रखंड के कटैया पंचायत के खैराकला में 50 बिरहोर परिवारों , राजाबर पंचायत के ठेसवा में 15 बिरहोर परिवारों व अम्बाबाद पंचायत के ख़बासडीह के बिरहोर परिवारों के बीच 10 कुल मिलाकर 75 बिरहोर परिवारों के बीच कंबल का वितरण किया गया। मौके पर बीडीओ बैधनाथ उरांव मुख्य रूप से उपस्थित थे। बीडीओ बैधनाथ उरांव ने कहा कि समय पर कंबल मिलने से गरीबों और असहायों को इसका समुचित लाभ मिलेगा। उन्होंने बिरहोर परिवारों से अपील किया कि वे ठंड में कंबल का उपयोग कर ठंड से बचें।साथ ही साथ उन्होंने बताया कि इस परिवार के 75 लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया।साथ ही साथ उन्होंने कहा कि इस बार भी सरकार के द्वारा सही समय पर कंबल उपलब्ध कराया गया है और समय पर वितरण भी किया जा रहा है। इससे सरकार की इस कल्याणकारी योजना का लाभ गरीबों और असहायों को शत- प्रतिशत मिलना तय है। इधर कंबल मिलने पर बिरहोर परिवारों में उत्साह का माहौल देखा गया मौके पर राष्ट्रीय झारखंड सेवा संस्थान के सचिव मनोज दांगी,मान सिंह पासवान सहित कई प्रखंडकर्मी के अलावा दर्जनों बिरहोर परिवार के लोग मौजूद थे

## हेमंत के खिलाफ आक्रोश भाजपा का धरना प्रदर्शन, हेमंत हटाओ झारखंड बचाओ

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनिल कुमार**



चलकुशा प्रखंड मुख्यालय के निकट भारतीय जनता पार्टी चलकुशा व बेडोकला मंडल के द्वारा झारखंड सरकार हेमंत सोरेन के खिलाफ आक्रोश प्रदर्शन का कार्यक्रम मंडल अध्यक्ष अशोक वर्णवाल के नेतृत्व में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रदेश कार्य समिति सदस्य बटेशवर मेहता, जिला उपाध्यक्ष सुनील कुमार मेहता, सांसद प्रतिनिधि सुखदेव यादव, सुबोध चौधरी, विधायक प्रतिनिधि दिनेश सिंह ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय व डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प माला अर्पित कर किया गया। कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री अजय सिंह ने किया। वक्ताओं ने कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार में लुट खसोट जारी है। झारखंड सरकार की मुखिया खुद आए दिन भ्रष्टाचार में संलिप्त है। हेमंत सोरेन को ईडी बुला रही है लेकिन सरकार डर से नहीं जा रहीं हैं। सरकार के अधिकांश विधायक के यहां काफी संख्या में मोटी रकम बरामद किया जा रहा है। वहीं वक्ताओं ने आने वाले समय में हेमंत सोरेन की सरकार को उखाड़ फेंकने का संकल्प लिया।रघुवर दास के सरकार के समय में 181 नम्बर डायल करने पर अधिकारी डरा करता था। हेमंत सोरेन 181 हेल्पलाइन नम्बर बंद कर भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने का काम किया है। मौके पर बेडोकला मंडल अध्यक्ष भोला प्रसाद, रामप्रसाद यादव, शंकर ठाकुर, श्याम सुंदर यादव, वासुदेव यादव, मोहसिन कमाल, अशोक यादव, संजय मोदी, अमित चौधरी, रामदेव यादव, रोहित मेहता, टिंकू आर्ट, मुन्ना यादव, किशोर मंडल समेत बड़ी संख्या में लोग शामिल थे।

## झारखंड फेंसिंग एसोसिएशन के हेड कोच प्रेम कुमार पहुंचे रॉयल ऑर्किड इंटरनेशनल स्कूल, दिया प्रशिक्षण

### रॉयल ऑर्किड स्कूल में फेंसिंग खेल को लेकर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



प्रशिक्षण कार्यक्रम में मौजूद प्रशिक्षक एवम अन्य

बरही प्रखंड के रसोईया धमना चकुरा टांड़ स्थित रॉयल ऑर्किड इंटरनेशनल स्कूल में झारखंड फेंसिंग एसोसिएशन के हेड कोच प्रेम कुमार रांची से आकर र०यल आर्किड इंटरनेशनल स्कूल के सभी फेंसिंग खिलाड़ियों को फेंसिंग का विशिष्ट तकनीकी का प्रशिक्षण दिया । उन्होंने बताया कि विद्यालय में फेंसिंग खिलाड़ियों को प्रशिक्षण देकर राज्य स्तरीय फेंसिंग प्रतियोगिता में चयनित किया जाएगा जो हजारीबाग जिला फेंसिंग टीम का प्रतिदिन प्रति. निधित्व करेंगे। वहीं विद्यालय के प्राचार्य अनूप कुमार ने बताया कि फेंसिंग ओलंपिक में शामिल खेल है। इस खेल में स्पोर्ट्स कोटे से एयरफोर्स, नेवी, आर्मी, रेलवे अ०फिसर खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय खेल कर बन सकते हैं। उन्होंने बताया कि चौन सिंह कीमती खेल है। फिर भी हमारा विद्यालय खिलाड़ियों के लिए कीट का व्यवस्था किया है और आगे भी खिलाड़ियों को विद्यालय फुल सपोर्ट करेगा ।आए हुए हेड कोच एवं रामगढ़ जिला के राज्य स्तरीय तीन खिलाड़ियों को प्राचार्य अनूप कुमार सिंह एवं चेयरमैन ए.के.सिंह संयुक्त रूप से बुके से भेंट कर हार्दिक स्वागत किया । फेंसिंग का दो दिवसीय प्रशिक्षण विद्यालय के खेल शिक्षक प्रिंस कुमार मिश्रा के देखरेख में चलेगा। प्राचार्य अनूप कुमार ने यह भी बताया कि र०यल आर्किड इंटरनेशनल स्कूल पढ़ाई के साथ साथ स्पोर्ट्स हब बनेगा। हजारीबाग जिला के लिए विद्यालय में 12 खेल को प्राथमिकता दी जाती है जिसमें फेंसिंग पहले नंबर पर है। 12 खेलों का उपकरण एवं अलग-अलग कोच विद्यालय में नियुक्त किया है । ताकि भविष्य में हजारीबाग जिला से खिलाड़ी निकले और रॉयल आर्किड इंटरनेशनल स्कूल बरही का नाम रोशन हो सके। मौके पर विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएँ मौजूद रहे।

## इफको का किसान गोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनिल कुमार**



बरकठा प्रखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत सलैया ग्राम बरवां में इफको हजारीबाग के अमित आनंद एवं उसके सहयोगी की भानु प्रताप सिंह के द्वारा इफको नैनो तरल यूरिया प्रयोग एवं लाभ पर आधारित कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 100 से अधिक स्थानीय किसानों ने भाग लिया ।इस कार्यक्रम में इफको नैनो यूरिया तरल पर विस्तृत रूप से चर्चा किया गया जिसमे इफको नैनो यूरिया का प्रयोग विधि तथा सामान्य बोरे वाले यूरिया से तुलनात्मक लाभ की जानकारी दी गयी । इसके साथ इफको के अन्य उत्पाद जैसे कि जैव उर्वरक, सागरिका तरल एवं बालटी और जल में घुलनशील उर्वरकों के प्रयोग एवं विधि की चर्चा की गई। साथ ही साथ जैविक खाद और सुष्म पोषक तत्वों की भी जानकारी किसानों को दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में पूर्व मुखिया गोपाल प्रसाद समेत किसान मित्र चुटारी महतो, तेजनी देवी , बसदेव मंडल, बसदेव पण्डित, सराज मिया, अजीम मिया, अंशवर अंसारी, इदरिश अंसारी, मुमताज अंसारी तथा आई .एफ. डी. सी. बरकठा के प्रोपराइटर बिमलेश कुमार उपस्थित हुए।

## धनवार पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम को लेकर तैयारी पुर्ण

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही प्रखंड अंतर्गत धनवार पंचायत में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन 11 नवंबर को उत्क्रमित मध्य विद्यालय कोरियाडीह में किया जायेगा। इस संबध में जानकारी देते हुए मुखिया राजेंद्र प्रसाद ने बताया की इस शिविर में सभी विभागों के लिए अलग - अलग स्ट०ल लगाया जाएगा। उन्होंने कहा की उक्त कार्यक्रम के अंतर्गत राज्य सरकार के विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाओं का शिविर के माध्यम से सभी लोगो को लाभ पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। शिविर में मुख्य रूप से सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देना, वैसे लाभुक जिनका राशन कार्ड नहीं बन पाया है वैसे लाभुको को ग्रीन कार्ड उपलब्ध कराना, धोती साड़ी वितरण एवं क्रेडिट कार्ड सहित विभिन्न योजनाएं शामिल है। मुखिया राजेंद्र प्रसाद कुशवाहा ने सभी जनप्रति. निधियों को कार्यक्रम के सफल आयोजन एवं ग्रामीणों से इस कार्यक्रम में शामिल होकर लाभ लेने की अपील की है। मौके पर प्रकाश कुशवाहा, मनोज कुमार, अजीत कुमार, अरुण प्रसाद एवं अनिल कुमार मुख्य रूप से मौजूद थे।




APEM LIVE

डेस्क प्रभारी: विकाश कुमार सहयोगी: सोनू पंडित, एडिटिंग- सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टर: डॉ० अनिल कुमार

## भाजपा मंडल कन्हाचट्टी ने हेमंत हटाओ झारखंड बचाओ आंदोलन के खिलाफ निकाला जन आक्रोश रैली

### हेमंत सरकार के सभी मंत्री लूट खसोट में लगे हैं : जनार्दन

### गरीबो को मिलने वाली अनाज में मंत्री पदाधिकारियो के माध्यम से कर रहे हैं वसूली





**अपेम लाइव :कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**

कान्हाचट्टी : भारतीय जनता पार्टी कन्हाचट्टी मंडल अध्यक्ष सतीश कुमार सिंह के नेतृत्व में गुरुवार को झारखंड के निकम्मी सरकार हेमंत हटाओ, झारखंड बचाओ आंदोलन को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने जन आक्रोश रैली निकाली। भाजपा के मंडल के कार्यकर्ताओं ने सायल बगीचा से यात्रा निकाल कर प्रखंड मुख्यालय तक पैदल मार्च कर झारखंड में हो रहे शोषण, अत्याचार, भ्रष्टाचार ,बलात्कार, बालू कोयला की लूटपाट एवं झारखंड के महिलाओं ,बहन ,बेटियों के साथ शोषण एवं आदिवासियों के साथ जमीन का लूटपाट , जन वितरण प्रणाली दुकान में ग्रामीणों का राशन घोटाला के विरोध में भाजपा कार्यकर्ताओं ने एक विशाल जनाक्रोश रैली निकाला। कार्यकर्ताओं ने झारखंड के निकम्मी सरकार मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मुर्दाबाद के नारे भी लगाए। एवं झारखंड सरकार होश में आओ झारखंड में बालू, कोयला, लूटपाट बंद करो के नारों के साथ सभी कार्यकर्ताओं ने प्रखंड कार्यालय के समक्ष जाकर धरना प्रदर्शन एवं नारेबाजी किया। बालू लूटपाट बंद करो झारखंड के निकम्मी सरकार गद्दी छोड़ो एवं झारखंड के तमाम भ्रष्टाचार कर्मचारियों के खिलाफ नारेबाजी लगाएं।मौके पर उपस्थित कार्यकर्ताओ को सम्बोधित करते हुए पूर्व विधायक जनार्दन पासवान ने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार में शामिल मंत्री ही लूट में शामिल है।चतरा जिले में सभी पी डी एस राशन दुकानदारों से मंत्री पांच सौ से एक हजार प्रति डीलर से वसूली कर रहे हैं।जुलाई माह में पी एम जी से मिलने वाली अनाज की कालाबजारी कर दिया गया।जिसके बाद आज तक ना ही जांच हुआ और ना ही कावाई।अर्थात गरीबो को मिलने वाली अनाज में चतरा कान्हाचट्टी के अफसर भी शामिल है।श्री पासवान ने कहा कि जनवितरण के अनाज नहीं बांटने की जांच यदि पारदर्षिता के साथ हुई तो कई अफसर भी नपेंगे।उन्होंने कहा कि प्रतापपुर प्रखण्ड में बीस दिन पहले चार लोगों की मिट्टी की चाल में मौत होता है और मंत्री जहाज से पांच लाख खर्च कर पांच लोगों को पच्चास हजार देते हैं जो हास्यास्पद है।वहीं कार्यक्रम को जिला अध्यक्ष अशोक शर्मा ने भी सम्बो. धित करते हुए कहा कि जब हमारे कार्यकर्ता ब्ल०क गेट पर पहुंचे तो बी डी ओ ने बाउंड्री का गेट बंद करवा दिया इसे भाजपा कार्यकर्ता कभी बर्दास्त नहीं करेंगे।वहीं राजपुर मुखीया विकास कुमार उर्फ छोटु सिंह ने भी सम्बोधित करते हुए कहा कि जनता की पैसे से मंत्री वाहन उड़ा रहे हैं।उन्होंने हेमंत सरकार पर जमकर निशाना साधा। जन आक्रोश कार्यक्रम को सफल बनाने में चतरा के पूर्व विधायक जनार्दन पासवान, जिला अध्यक्ष अशोक शर्मा जिला मंत्री शिवबालक सिंह ,पूर्व जिला अध्यक्ष विनय कुमार सिंह ,एवं कन्हाचट्टी प्रखंड के प्रखंड अध्यक्ष सतीश कुमार सिंह, पूर्व अध्यक्ष सच्चिदानंद सिंह , मंच संचालक प्रमोद तिवारी,सौरभ सुमन तिवारी ,चंदन केसरी भीम सिंह ,राजपुर पंचायत के मुखिया विकास कुमार उर्फ छोटू सिंह एवं मदगड़ा पंचायत मुखिया पति एवं सांसद प्रतिनिधि राम रंजन साहू के अलावे कन्हाचट्टी प्रखंड के समस्त भाजपा कार्यकर्ता इस कार्यक्रम में शामिल हुए







## कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रव्यापी भारत जोड़ो पदयात्रा कार्यक्रम संपन्न

**अपेम लाइव : संतगांवा**





झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार कांग्रेस के राष्ट्रव्यापी भारत जोड़ो पदयात्रा कार्यक्रम के तहत कोडरमा जिले के कांग्रेस पार्टी भी जिले के विभिन्न पंचायतों में गुरुवार को जिलाध्यक्ष मनोज सहाय पिंकू के नेतृत्व में पदयात्रा आयोजित कर कांग्रेस पार्टी एवं राहुल गांधी के लिए समर्थन जुटा रहे है।आज निर्धारित कार्यक्रम के तहत सुबह 11:00 बजे से सतगावां प्रखंड के माधोपुर ,मीरगंज ,कटैया पंचायत के धर्मपुर, चुनाडीह, धनकी,सेलारी, बजनियां में प्रखंड अध्यक्ष विजय प्रसाद सिंह के अध्यक्षता एवं प्रखंड सचिव मो. सलाउद्दीन व प्रखंड उपाध्यक्ष जितेंद्र कुमार यादव के अगुवाई में आयोजित भारत जोड़ो पदयात्रा कार्यक्रम में मुख्य रूप से कोडरमा कांग्रेस जिला अध्यक्ष मनोज सहाय पिंकू सहित कोडरमा विधानसभा भारत जोड़ो पदयात्रा प्रभारी रवि शंकर यादव एवं जिले के सम्मानित कांग्रेस जनों में मुख्य रुप से अनुसूचित प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष दशरथ पासवान,डोमचांच प्रखंड अध्यक्ष अनंत कुमार मेहता, युवा विधानसभा प्रभारी चांद आलम, सहित दर्जनों की संख्या में स्थानीय युवा एवं ग्रामीण शामिल हुए। नफरत छोड़ो भारत जोड़ो,सहित राहुल गांधी जिंदाबाद, भारत जोड़ो पदयात्रा जिंदाबाद के नारे लगाते हुए कांग्रेसियों ने आधा दर्जन गांव का दौरा कर आमजन को भाजपा सरकार के गलत नीतियों से व्याप्त बेरोजगारी महंगाई भ्रष्टाचार के प्रति जागरूक किया एवं कांग्रेस पार्टी के प्रति समर्थन मांगा। भारत जोड़ो पदयात्रा में सतगावां प्रखंड कमेटी के तारनी सिंह, मो शाकिर, सच्चिदानंद सिंह, सनातन सिंह ,जागेश्वर यादव, सर्ि. चदानंद सिंह, मो. इरशाद, मो. फिरोज खान, नसीम खान पंचायत समिति पप्पु चौधरी ,मो. इम्तियाज, विष्णु देवी, वीणा देवी ,क्रांति देवी, दौलती देवी ,कलवा देवी ,सावित्री देवी, देवी देवी, गया प्रसाद भी उपस्थित हुए। भारत जोड़ो पदयात्रा में स्थानीय युवा शामिल हुए।वहीं कटैया पंचायत के अंतर्गत घोड़सिमार मंदिर के पास यात्रा को समापन किया गया। तत्पश्चात महात्मा गांधी के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया और भगवान भोले नाथ का दर्शन भी किया गया। जिलाध्यक्ष पिंकू सहाय ने बताया की कल11 नवंबर को सतगावां प्रखंड के मरचोई,ईटाय राजाबर तक पदयात्रा आयोजित की जाएगी जिसमें जिला एवं प्रखंड के दर्जनों कांग्रेस नेता शामिल रहेंगे।

## चाणक्य आईएएस एकेडमी में हाउ टू क्रैक जेपीएससी पर निरू शुल्क सेमिनार 13 नवंबर को


विनय मिश्रा


रीमा मिश्रा




**अपेम लाइव : हजारीबाग**

किसी भी क्षेत्र में कामयाबी के लिए सही दिशा में नियमित परिश्रम जितना आवश्यक है, उतना ही आवश्यक अभ्यर्थियों के लिए बेहतर मार्गदर्शन प्राप्त करना है। चाणक्य आईएएस एकेडमी निश्चित समयांतराल में करियर गाइडेंस व सेमिनार के जरिए अभ्यर्थियों को उचित मार्गदर्शन प्रदान करती रहती है। इसी के मद्देनजर आगामी 13 नवंबर को हाउ टू क्रैक जेपीएससी विषय पर निरू शुल्क सेमिनार का आयोजन चाणक्य आइएएस एकेडमी के हजारीबाग शाखा में किया गया है, जिसकी शुरुआत संस्थान सभागार में ही संध्या 3 बजे से होगी। सेमिनार के मुख्य वक्ता चाणक्य आईएएस एकेडमी के वाइस प्रेसिडेंट और मोटिवेशनल स्पीकर विनय मिश्रा होंगे। साथ ही इस सेमिनार में 7वीं सिविल सेवा परीक्षा टॉपर्स भी मौके पर मौजूद रहेंगे, जो अपनी सफलता का अनुभव अभ्यर्थियों से साझा करने के साथ साथ कामयाबी के लिए जरूरी बातों से भी अवगत कराएंगे। सेमिनार के दौरान जेपीएससी की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों को किन–किन मुख्य बिंदुओं पर ध्यान रखते हुए तैयारी किए जाने की आवश्यकता है, उसे बारीकी से मुख्य वक्ता और मोटिवेशनल स्पीकर विनय मिश्रा के द्वारा बताया जाएगा। साथ ही लक्ष्य को हासिल करने को कई अहम बातें सेमिनार के दौरान बताई जाएगी। सेमिनार निरू शुल्क रखा गया है। अभ्यर्थियों के साथ साथ अभिभावक भी इस सेमिनार में शरीक हो सकते हैं। आगामी 13 नवंबर को भी हर सप्ताह ओएमआर शीट पर लिए जा रहे जेपीएससी मेगा टेस्ट भी अपने निर्धारित समय 9 बजे सुबह से शुरूआत होगी और टॉपर्स को सम्मानित किए जाने के साथ आकर्षक छात्रवृत्ति की घोषणा की घोषणा की जाएगी। वहीं 13 नवंबर को ही चाणक्य आईएएस एकेडमी की ओर से प्रतिभा खोज प्रतियोगिता परीक्षा का भी आयोजन किया गया है, जिसमें 100 टॉपर्स को सम्मानित किए जाने के साथ साथ रैंक के अनुरूप 10 प्रतिशत से लेकर 100 प्रतिशत तक छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। बड़ी संख्या में विद्यार्थियों के पंजीकरण के बाद इस परीक्षा के लिए दो परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिसमें एक केंद्र चाणक्य आईएएस एकेडमी में होगा तो दूसरा परीक्षा केंद्र ज्ञान ज्योति पारा मेडिकल नर्सिंग क०लेज, हजारीबाग को बनाया गया है। एक घंटा चलने वाली परीक्षा 12 बजे से प्रारंभ होगी। परीक्षा में शामिल अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र निर्धारित समय से आधे घंटे पहले पहुंचना अनिवार्य होगा।

## सड़क हादसे में विष्णुगढ़ के युवक की पोरदाग में मौत

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**

जीटी रोड़ डुमरी से फुसरो जाने वाली सड़क पर गुरुवार को हुई सड़क दुर्घटना में विष्णुगढ़ के बाइकसवार एक युवक की मौत हो गई। बताया जाता है कि विष्णुगढ़ के खरना पंचायत अंतर्गत भंडेरी के पुरनाडीह टोला निवासी विजय सोरेन पिता कारू सोरेन नावाडीह में अपने दोस्त से मिलने बाइक से गए थे। दोस्त से मिलकर वे वापस अपने घर विष्णुगढ़ लौट रहे थे। इसी दौरान निमियांघाट थाना अंतर्गत पोरदाग के पास ट्रक से बाइक की टक्कर हो गई। जिसमें घटनास्थल पर हीं उनकी मौत हो गई। इस घटना के बाद परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल हो गया।

APEM
LIVE

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## मांगों पर सहमति के बाद कोनार में विस्थापितों का धरना समाप्त

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**



धरना में शामिल विस्थापित

विष्णुगढ़ के कोनार में डीवीसी एवं स्थानीय समन्वय समिति का बेमियादी धरना प्रदर्शन गुरूवार को समझौते के उपरांत समाप्त हो गया। एक बैठक में डीवीसी प्रबंधन और विस्थापितों में सहमति बनी और धरना समाप्ति की घोषणा की गई। समझौता के लिए डीवीसी प्रबंधन की ओर से डीवीसी बीटीपीएस सह कोनार के डीजीएम नीरज सिन्हा, एसई अजय कुमार तथा एसडीई पवन कुमार शामिल थे। इसमें डीवीसी प्रबंधन के अधिकारियों की ओर से विस्थापितों को आश्वासन दिया गया कि मांग की कुछ बिन्दुओं को मुख्यालय स्तर पर तय होना है। जिसके लिए मांग पत्र को संलग्न करते हुए अग्रसारित किया जाएगा। वहीं, कुछ मांगें कोनार परियोजना स्तर पर तय होना है। जिसे उचित विचार के बाद पूरा किया जाएगा। इस समझौते से विस्थापित सहमत हो गए और धरना समाप्ति की घोषणा की गई। बता दें कि कोनार के विस्थापित मुफ्त बिजली, पानी, सिंचाई की सुविधा, जमीन का मालिकाना हक तथा रोजगार में विस्थापितों को प्राथमिकता की मांग कर रहे हैं। समझौते में विस्थापित पक्ष से केन्द्रीय अध्यक्ष दिनेश्वर मंडल, जिप सदस्य शेख तैयब, टुकन महतो, राजेन्द्र मंडल, सुरेश राम, शिवनाथ हेम्ब्रम, सोमर सिंह, महमूद आलम, राजू महतो, लालमन महतो, जीतन महतो, अजय कुमार मंडल शामिल थे। वहीं, प्रशासन की ओर से समझौते में सीओ सह दंडाधिकारी रामबालक कुमार मौजूद थे।

## मिनी बस एवं ट्रक की टक्कर में बस खलासी की मौत

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**



विष्णुगढ़ हजारीबाग रोड़ एनएच 100 के भेलवारा में मिनी बस एवं ट्रक की टक्कर में मिनी बस के खलासी की मौत हो गई। घटना की सूचना पर विष्णुगढ़ पुलिस ने दोनों वाहनों को जब्त कर लिया है। बताया जाता है कि बो. कारो जिला के चिपरी से हजारीबाग चलने वाली पम्मी राज नामक मिनी बस हजारीबाग से लौट रही थी। भेलवारा के पास रूकने पर मिनी बस की छत पर लदे लॉगेज को उतारने के लिए खलासी करन कुमार महतो गेट के बगल में लगी लोहे की सीढ़ी में चढ़ा हुआ था। इसी दौरान सामने से कोयला लदी ट्रक (जेएच13एफ 3529) एक वाहन को साइड देने के क्रम में किनारे से मिनी बस में जा टकराई। जिससे मिनी बस का खलासी करन कुमार चपेट में आ गया। वे गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें आनन फानन में इलाज के लिए हजारीबाग ले जाया गया। वहां एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। बताया जाता है कि मिनी बस का मालिक सह चालक चतरोचट्टी थाना क्षेत्र के चिपरी निवासी राजेन्द्र महतो का वह एकलौता पुत्र था। पिता-पुत्र दोनों मिलकर वाहन का संचालन करते थे। इस घटना की सूचना के बाद मृतक के गांव का माहौल गमगीन हो गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। गुरूवार को पोस्टमार्टम के बाद शव पहुंचने पर उनका अंतिम संस्कार किया गया।




## करियातपुर पंचायत भवन में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन





**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

झारखंड सरकार के तीन वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत गुरुवार को करियातपुर पंचायत भवन में शिविर का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन विधायक उमा शंकर अकेला, जिला जीप उपाध्यक्ष किशुन यादव, प्रमुख मनोज रजक, उप प्रमुख देवलाल कुशवाहा, विधानसभा विधायक प्रतिनिधि छट्ठू गोप, बीडीओ सी. आर. इंदवार, सीओ अरविंद देवाशीष टोप्पो, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, बरही विधायक प्रतिनिधि सुनील साहू एवं मुखिया मनोज कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस शिविर में 15 वीं वित आयोग, आवास, सावित्री भाई फुले किशोरी समृद्ध योजना, ई श्रम कार्ड, शिक्षा विभाग, कृषि विभाग, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना, राशन कार्ड, स्वास्थ्य, जिला आपूर्ति सहित अन्य कई स्टॉल लगाए गए। निष्पादन किया ग साथ ही 135 जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल वितरण हुआ। साथ ही नीलांबर पीताम्बर जल समृद्धि योजना के तहत 02 योजना का चयन किया गया । साथ ही बाल विकास परियोजना के तहत सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के अंतर्गत समृद्धि योजना के लिए 14 बच्चियों का स्वीकृति पत्र दिया गया। एवं मनरेगा के तहत अर्जुन पंडित के जमीन पर डोभा निर्माण के लिए स्वीकृति पत्र दिया गया। जिसका निर्माण 4,95,000 के लागत से किया जाएगा। वहीं जेएसएलपीएस के द्वारा 23 सखी मंडल के बीच 47, 50, 000 का ऋण वितरण किया गया। इस शिविर में आधार शुद्धिकरण का कार्य किया गया। नए राशन कार्ड लाभुको का आवेदन लिया गया। शिविर में लगे विभिन्न विभागीय स्टालों में सरकार द्वारा संचालित लोक कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई एवं योग्य लाभुकों से योजना से संबंधित आवेदन प्राप्त करते हुए उनका त्वरित निष्पादन किया गया। वहीं कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक उमा शंकर अकेला यादव ने पंचायतों में आयोजित होने वाले शिविर में पहुंचकर राज्य सरकार की अनेकों लोक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने की अपील किया। मौके पर विधायक उमाशंकर अकेला, जिला जीप उपाध्यक्ष किशुन यादव, बीडीओ सी.आर. इंदवार यादव, प्रमुख मनोज रजक, उप प्रमुख देवलाल कुशवाहा, सीओ अरविंद देवाशीष टोप्पो, विधानसभा विधायक प्रतिनिधि छट्ठू गोप, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, प्रखंड विधायक प्रतिनिधि सुनील साहू, मुखिया मनोज कुमार सहित सैकड़ों अन्य लोग मौजूद थे।

